Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के कितने शहरों में आयोजित किए गए थे?**

**Ans**
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 6
✓ 4. 5

**Q.2** **कंप्यूटर में सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (Central Processing Unit - CPU) का कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

**Ans**
✗ 1. यह प्रिंटर और मॉनिटर को आउटपुट सेंड करता है।
✗ 2. यह सभी यूजर फ़ाइलों को स्थायी रूप से स्टोर करता है।
✗ 3. यह केवल कीबोर्ड और माउस से इनपुट प्राप्त करता है।
✓ 4. यह डेटा को प्रोसेस करता है और कंप्यूटर के सभी पार्ट के प्रचालन को कंट्रोल करता है।

**Q.3** **किस संविधान संशोधन अधिनियम ने राज्य विधान सभाओं में एंग्लो-इंडियन समुदाय के सदस्यों को नामित करने के प्रावधान को समाप्त कर दिया?**

**Ans**
✗ 1. 101वां संशोधन अधिनियम, 2016
✓ 2. 104वां संशोधन अधिनियम, 2019
✗ 3. 102वां संशोधन अधिनियम, 2018
✗ 4. 105वां संशोधन अधिनियम, 2021

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत की संघीय प्रणाली की वह विशेषता नहीं है, जिससे इसका एकात्मक चरित्र प्रतिबिंबित होता है?**

**Ans**
✓ 1. संपूर्ण देश के लिए एकल नागरिकता
✗ 2. कुछ संवैधानिक संशोधनों को राज्यों द्वारा अनुमोदित किए जाने की आवश्यकता
✗ 3. केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन
✗ 4. राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद का एक उच्च सदन (राज्यसभा)

**Q.5** **अखिल भारतीय सेवाओं के नियमों और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले अधिनियम का नाम क्या है?**

**Ans**
✗ 1. भारतीय सेवा प्रशासन अधिनियम, 1955
✓ 2. अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951
✗ 3. सिविल सेवा विनियमन अधिनियम, 1946
✗ 4. अखिल भारतीय सिविल अधिनियम, 1950

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371J के तहत, कौन-सा विशेष प्रावधान किया गया है?

Ans
- ✗ 1. मणिपुर के राज्यपाल को कानून और व्यवस्था के लिए विशेष शक्तियां
- ✓ 2. हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र के लिए विशेष दर्जा
- ✗ 3. गोवा तथा दमन एवं दीव में आधिकारिक भाषा के प्रयोग का प्रावधान
- ✗ 4. पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक साझा उच्च न्यायालय का निर्माण

**Q.7** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ मई 2025 में निम्नलिखित में से किस संस्थान में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर के रूप में शामिल हुए?

Ans
- ✗ 1. विधि संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय (DU)
- ✗ 2. गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (GGSIPU)
- ✓ 3. राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली (NLUD)
- ✗ 4. भारतीय विधि संस्थान (ILI)

**Q.8** कौन-सा लैटिन अमेरिकी देश, फरवरी 2025 में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल से बाहर निकलने वाला पहला देश बन गया?

Ans
- ✗ 1. अर्जेंटीना (Argentina)
- ✗ 2. ब्राज़ील (Brazil)
- ✗ 3. चिली (Chile)
- ✓ 4. पनामा (Panama)

**Q.9** भारत में ब्रिटिश आर्थिक नीतियों का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✓ 1. ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाना
- ✗ 2. ग्रामीण रोजगार का समर्थन करना
- ✗ 3. भारतीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना
- ✗ 4. भारत का औद्योगिकीकरण करना

**Q.10** अप्रैल 2025 में, किस संगठन ने इंडिया जस्टिस रिपोर्ट (India Justice Report - IJR) जारी की है?

Ans
- ✗ 1. नेशनल ट्रस्ट
- ✗ 2. अंबेडकर ट्रस्ट
- ✓ 3. टाटा ट्रस्ट
- ✗ 4. बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट

**Q.11** निम्नलिखित में से किसने, सभी प्रमुख भारतीय राजनीतिक नेताओं को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नामक एक साझा मंच के तहत संगठित करने का विचार दिया था?

Ans
- ✓ 1. ए ओ ह्यूम
- ✗ 2. आनंद मोहन बोस
- ✗ 3. डब्ल्यू सी बनर्जी
- ✗ 4. सुरेंद्रनाथ बनर्जी

**Q.12** मध्य प्रदेश में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला किसने रखी?

Ans
- ✗ 1. जे.पी.नड्डा
- ✗ 2. मंगूभाई सी. पटेल
- ✗ 3. मोहन यादव
- ✓ 4. नरेंद्र मोदी

**Q.13** पिक्सल (Pixxel) ने 2025 के अंतरिक्ष प्रक्षेपण के साथ कौन-सी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की?

Ans
- ✗ 1. किसी स्टार्टअप द्वारा भारत का पहला ल्यूनर लैंडर (lunar lander)
- ✗ 2. घरेलू अंतरिक्ष वेधशाला (space observatory) का निर्माण
- ✗ 3. पुन: प्रयोज्य रॉकेट का प्रक्षेपण
- ✓ 4. भारत से पहला निजी उपग्रह समूह का प्रक्षेपण

Adda247

**Q.14** 2025 तक की स्थिति के अनुसार, कौन-सा जिला सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी संपूर्ण विद्युत मांग को पूरा करने वाला भारत का पहला जिला बन गया है?

**Ans**

✔ 1. दीव

✘ 2. कवरत्ती

✘ 3. सिलवासा

✘ 4. लेह

**Q.15** शुष्क क्षेत्रों में भूमिगत जल, केशिका क्रिया द्वारा मृदा के माध्यम से ऊपर आता है और शीघ्र ही सूख जाता है, जिससे लवण शेष रह जाता है। ये लवण _______ नामक एक कठोर परत बनाते हैं।

**Ans**

✔ 1. हार्डपैन

✘ 2. लैटेराइट

✘ 3. ग्रेनाइट

✘ 4. पेडलफर

**Q.16** 4 अप्रैल 2025 को थाईलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन (BIMSTEC Summit) के किस संस्करण में भारतीय प्रधानमंत्री ने भाग लिया?

**Ans**

✘ 1. 5वें

✘ 2. 7वें

✘ 3. 8वें

✔ 4. 6वें

**Q.17** उपनिवेशी नीतियों ने भारत के व्यापार ढांचे को काफी हद तक बदल दिया। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन स्वतंत्रता के समय भारत के विदेशी व्यापार पैटर्न का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

**Ans**

✘ 1. पूंजीगत वस्तुओं का निर्यात और उपभोक्ता वस्तुओं का आयात

✘ 2. कृषि और उद्योग के बीच संतुलित व्यापार

✔ 3. कच्चे माल का निर्यात और निर्मित वस्तुओं का आयात

✘ 4. तैयार माल का निर्यात और कच्चे माल का आयात

**Q.18** हल्दिया (सागर) और प्रयागराज के बीच निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग है?

**Ans**

✘ 1. राष्ट्रीय जलमार्ग 4

✔ 2. राष्ट्रीय जलमार्ग 1

✘ 3. राष्ट्रीय जलमार्ग 3

✘ 4. राष्ट्रीय जलमार्ग 2

**Q.19** प्रारंभिक तमिल साहित्य में उल्लेखनीय कृति मणिमेकलई (Manimekali) को किस प्रकार की साहित्यिक रचना के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

**Ans**

✔ 1. महाकाव्य

✘ 2. ग्रंथ

✘ 3. आत्मकथा

✘ 4. संस्मरण

**Q.20** भारत में ब्रिटिश हितों की सेवा करने वाले एक वफादार वर्ग का निर्माण करने के लिए अंग्रेजी शिक्षा को किस ब्रिटिश नीति ने बढ़ावा दिया?

**Ans**

✘ 1. फूट डालो और राज करो

✘ 2. व्यापार नीति

✔ 3. शिक्षा नीति

✘ 4. सहायक संधि

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पनेट वर्ग के पूर्वानुमानों को सबसे बेहतर ढंग से प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✗ 1. कई पीढ़ियों में आनुवंशिक उत्परिवर्तन
- ✓ 2. जीनप्ररूपी और लक्षणप्ररूपी संभावनाएं
- ✗ 3. माता-पिता में DNA अनुक्रम
- ✗ 4. सहोदरों में आनुवंशिक सहलग्नता संबंध

Q.22 डोनाल्ड ट्रम्प ने यूनाइटेड स्टेट्स के 47वें राष्ट्रपति के रूप में आधिकारिक तौर पर कब पदभार ग्रहण किया?

Ans
- ✗ 1. 4 मार्च 2025
- ✓ 2. 20 जनवरी 2025
- ✗ 3. 1 फ़रवरी 2025
- ✗ 4. 6 जनवरी 2025

Q.23 निम्नलिखित में से किसके द्वारा, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं होता है?

Ans
- ✗ 1. डीजल जनरेटर
- ✗ 2. प्राकृतिक गैस परिवहन ईंधन
- ✓ 3. ज्वारीय ऊर्जा
- ✗ 4. तापीय विद्युत संयंत्र

Q.24 भारत में हरित क्रांति की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख आलोचना थी?

Ans
- ✗ 1. इसने प्रौद्योगिकी के उपयोग को हतोत्साहित किया।
- ✓ 2. इससे क्षेत्रीय और फसल असंतुलन उत्पन्न हुआ।
- ✗ 3. इसने कृषि उत्पादन को कम कर दिया।
- ✗ 4. इसने जैविक खेती को बढ़ावा दिया।

Q.25 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत की वैश्वीकरण प्रक्रिया में किस संगठन का समर्थन महत्वपूर्ण था?

Ans
- ✗ 1. डब्ल्यू.एच.ओ. (WHO)
- ✗ 2. यूनिसेफ (UNICEF)
- ✓ 3. आई.एम.एफ. (IMF)
- ✗ 4. यूनेस्को (UNESCO)

Q.26 दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में, कलिंग के निम्नलिखित में से किस राजा ने भारत में जैन धर्म को अपनाया था?

Ans
- ✓ 1. खारवेल
- ✗ 2. अशोक
- ✗ 3. बिंदुसार
- ✗ 4. सम्प्रति

Q.27 ऑपरेटिंग सिस्टम में संक्षिप्त रूप 'पीसीबी' (PCB) का क्या अर्थ है?

Ans
- ✗ 1. Process Communication Block (प्रोसेस कम्युनिकेशन ब्लॉक)
- ✗ 2. Program Control Block (प्रोग्राम कंट्रोल ब्लॉक)
- ✗ 3. Primary Communication Bus (प्राइमरी कम्युनिकेशन बस)
- ✓ 4. Process Control Block (प्रोसेस कंट्रोल ब्लॉक)

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा तट, कर्नाटक और केरल राज्यों में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. कच्छ तट
- ✗ 2. कोंकण तट
- ✓ 3. मालाबार तट
- ✗ 4. काठियावाड़ तट

Q.29 गुच्छ घास (Tussocky grass) मुख्यतः किस प्रकार के वनों में उगती है?

Ans
- ✔ 1. उष्णकटिबंधीय कंटक वन
- ✘ 2. सदाबहार वन
- ✘ 3. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
- ✘ 4. पर्वतीय वन

Q.30 भारत सहित प्रत्येक आधुनिक औद्योगिक देश में एक नेशनल मेट्रोलोजी इंस्टीट्यूट (National Metrology Institute - NMI) है। NMI की मुख्य भूमिका क्या है?

Ans
- ✘ 1. देश में इंटरनेट एक्सेस को विनियमित करना
- ✘ 2. चिकित्सा अनुसंधान करना
- ✔ 3. मापन के मानकों को बनाए रखना
- ✘ 4. मौसम स्थिति को मॉनिटर करना

Q.31 निम्नलिखित में से किस संशोधन ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक मान्यता प्रदान की?

Ans
- ✔ 1. 102वां संशोधन अधिनियम, 2018
- ✘ 2. 99वां संशोधन अधिनियम, 2014
- ✘ 3. 100वां संशोधन अधिनियम, 2015
- ✘ 4. 98वां संशोधन अधिनियम, 2013

Q.32 रसायन विज्ञान का कौन-सा मूलभूत नियम इस तथ्य से स्पष्ट होता है कि हाइड्रोजन और ऑक्सीजन सदैव एक निश्चित 1 : 8 द्रव्यमान अनुपात में संयोजित होकर जल बनाते हैं?

Ans
- ✘ 1. डाल्टन का परमाणु सिद्धांत
- ✔ 2. स्थिर अनुपात का नियम
- ✘ 3. ऊर्जा संरक्षण का नियम
- ✘ 4. गुणित अनुपात का नियम

Q.33 सरकार ने मगर (mugger) मगरमच्छों की आबादी का अनुमान लगाने के लिए विश्वामित्री नदी में मगरमच्छों की गणना कराई। विश्वामित्री नदी किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✘ 1. राजस्थान
- ✘ 2. महाराष्ट्र
- ✘ 3. मध्य प्रदेश
- ✔ 4. गुजरात

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी फिल्म, बॉलीवुड की शुरुआत को चिह्नित करने वाली पहली भारतीय ध्वनि (बोलती) फिल्म मानी जाती है?

Ans
- ✘ 1. राजा हरिश्चंद्र
- ✔ 2. आलम आरा
- ✘ 3. शोले
- ✘ 4. मुगल-ए-आजम

Q.35 बहादुर शाह ज़फ़र और उनकी पत्नी बेगम जीनत महल को रंगून की जेल में कब भेजा गया था?

Ans
- ✘ 1. जनवरी, 1859
- ✘ 2. अक्टूबर, 1857
- ✘ 3. अप्रैल, 1857
- ✔ 4. अक्टूबर, 1858

Q.36 फरवरी 2025 में, _______________ द्वारा सेल्फ क्लीनिंग, फ्लेक्सिबल हीटिंग फैब्रिक (self-cleaning, flexible heating fabric) विकसित किया गया।

Ans
1. IIT मद्रास
2. IIT दिल्ली
3. IIT गुवाहाटी ✔
4. IIT बॉम्बे

Q.37 भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में विभिन्न विषयों की एक सूची दी गई है। ये विषय किस स्तर की सरकार के लिए हैं?

Ans
1. शहरी नगर निगमों
2. केंद्र सरकार (केंद्रीय मंत्रालयों)
3. पंचायती राज संस्थाओं (ग्राम/स्थानीय स्तर) ✔
4. राज्य सरकार (राज्य विधायी मामलों)

Q.38 'मिलिंद पन्हो' मौर्योत्तर ग्रन्थ है जिसमें इंडो-ग्रीक शासक मेनांडर और विद्वान एवं बौद्ध भिक्षु ___________ के बीच हुए वार्तालाप शामिल हैं।

Ans
1. बादरायण (Badarayana)
2. नागसेन (Nagasena) ✔
3. कपिल (Kapila)
4. पतंजलि (Patanjali)

Q.39 'भारत का डेट्रॉइट' नाम से जाना जाने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय शहर, हुंडई, BMW, फोर्ड और अशोक लेलैंड जैसे निर्माताओं की मेजबानी करता है, जो इसे एक प्रमुख ऑटोमोटिव हब बनाता है?

Ans
1. सानंद
2. चेन्नई ✔
3. गुरुग्राम
4. पुणे

Q.40 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किस भारतीय धावक (sprinter) ने महिलाओं की 4×100m रिले में रजत पदक जीतकर सफल वापसी की?

Ans
1. दुती चंद (Dutee Chand)
2. धनलक्ष्मी सेकर (Dhanalakshmi Sekar)
3. श्राबनी नंदा (Srabani Nanda) ✔
4. हिमा दास (Hima Das)

Section : **Mathematics**

Q.1 कोई व्यक्ति ऋण चुकाने के लिए अपने मासिक वेतन के 30% के बराबर मासिक भुगतान करता है। वह शेष वेतन का 20% खर्च करता है और ₹602 बचाता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,075 ✔
2. 1,078
3. 1,072
4. 1,115

Q.2 एक जैकेट का अंकित मूल्य ₹12,000 है। स्टोर A इसपर 15% और 10% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करता है। स्टोर B, 10% और 15% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करता है। एक ग्राहक जानना चाहता है कि कौन-सा स्टोर बेहतर डील प्रदान करता है और कितनी?

Ans
1. स्टोर A; ₹100 तक
2. स्टोर B; ₹100 तक
3. स्टोर A; ₹150 तक
4. दोनों स्टोर A और B समान डील प्रदान करते हैं ✔

Adda247

Q.3 महेश ने कुछ शार्पनर ₹150 प्रति दर्जन की दर से खरीदे। उसने उन्हें ₹41 प्रति दर्जन की दर से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______% है।

Ans
1. 230
2. 232
3. 228 ✔
4. 226

Q.4 220 m लंबी एक ट्रेन 10 km/hr की चाल से (समान दिशा में) चल रहे एक व्यक्ति को 44 सेकंड में पार कर लेती है। इस ट्रेन को विपरीत दिशा में 79 km/hr की चाल चल रही 315 m लंबी एक अन्य ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
1. 32
2. 28
3. 14
4. 18 ✔

Q.5 किसी कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (₹ में) को कंपनी के तीन साझेदारों के बीच 14 : 10 : 16 के अनुपात में बांट दिया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से का अंतर ₹29,547 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,97,067
2. 1,96,943
3. 1,96,980 ✔
4. 1,96,892

Q.6 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 182 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 26
2. 7
3. 27
4. 14 ✔

Q.7 यदि मैरी की वर्तमान आयु का 3 गुना, दीया की वर्तमान आयु के 5 गुने से 18 वर्ष अधिक है, और दीया की वर्तमान आयु का 2 गुना, मैरी की वर्तमान आयु से 3 वर्ष कम है, तो मैरी और दीया की आयु के बीच का अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
1. 11
2. 15
3. 16
4. 12 ✔

Q.8 ABCD एक समलम्ब है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 74° और ∠BAC = 54° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 85°
2. 76° ✔
3. 91°
4. 82°

Q.9 यदि किसी त्रिभुज की भुजाएँ 44 cm, 33 cm और 55 cm हैं, तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($cm^2$ में)

Ans
1. 749
2. 726 ✔
3. 742
4. 732

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 306 और 313 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएं हैं जिनमें दी गयी दोनों संख्याएं भी सम्मिलित हैं?

Ans
1. 5
2. 4
3. 2
4. 3 ✔

Q.11 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{6}{15}$ पर बेचने पर, निर्भय को 14% की हानि होती है। यदि वह इसे इसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 54% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16.1% ✔
2. 18.7%
3. 16.5%
4. 18.4%

Q.12 एक व्यक्ति 41 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 2.4 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 0.69 km
2. 1.64 km ✔
3. 2.18 km
4. 2.54 km

Q.13 सपना ने ₹21,700 की धनराशि में से कुछ धनराशि 3% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 7 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 3% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 17,358
2. 17,357
3. 17,361
4. 17,360 ✔

Q.14 एक समबाहु त्रिभुज ABC का परिमाप 22.2 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है?

Ans
1. $11.36\sqrt{3}$
2. $14.93\sqrt{3}$
3. $13.69\sqrt{3}$ ✔
4. $12.76\sqrt{3}$

Q.15 28% की छूट पर एक वस्तु ₹3,240 में उपलब्ध है। इसका अंकित मूल्य _______ है।

Ans
1. ₹4,147
2. ₹4,332
3. ₹4,500 ✔
4. ₹4,450

Q.16 10 छात्रों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं।

18, 13, 14, 14, 19, 14, 17, 17, 14, 20

आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 18
2. 14 ✔
3. 19
4. 13

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 4 पुरुष किसी कार्य को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 9 महिलाएँ इसे 8 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 3 महिलाएँ और 6 पुरुष इस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
✔ 1. 8 दिन
✗ 2. 13 दिन
✗ 3. 4 दिन
✗ 4. 11 दिन

Q.18 ₹15,625 की धनराशि, वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 3 वर्षों में ₹24,389 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $16\%$
✗ 2. $15\%$
✗ 3. $19\%$
✗ 4. $14\%$

Q.19 सरल कीजिए: $\frac{\sin A \tan A}{(1 - \cos A)}$

Ans
✔ 1. $1 + \sec A$
✗ 2. $1 + \operatorname{cosec} A$
✗ 3. $1 + \sin A$
✗ 4. $1 + \cos A$

Q.20 एक संख्या में 60% की वृद्धि करने पर 3570 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 6693.75
✗ 2. 1115.625
✗ 3. 4462.5
✔ 4. 2231.25

Q.21 मंदार, केतन और तुषार का औसत वज़न 45 kg है। यदि मंदार और केतन का औसत वज़न 44 kg है तथा केतन और तुषार का औसत वज़न 45 kg है, तो केतन का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 63
✔ 2. 43
✗ 3. 53
✗ 4. 58

Q.22 [868 ÷ {26 + 6 × (3 − 7)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 432
✗ 2. 431
✗ 3. 435
✔ 4. 434

Q.23 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$5(5x^2 - 6) - 5(5x^2 + 2x - 4) = 20$

Ans
✔ 1. $-3$
✗ 2. $-1$
✗ 3. $1$
✗ 4. $2$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.24 यदि 25 और 35 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना है?

Ans
✔ 1. 49
✘ 2. 50
✘ 3. 51
✘ 4. 52

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 3,27,087 को विभाजित करती है?

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 5
✘ 3. 8
✘ 4. 12

Q.26 M और N ने एक व्यवसाय शुरू किया। M ने 3 महीने के लिए N से ₹48,000 अधिक निवेश किया, जबकि N ने 4 महीने के लिए निवेश किया। ₹1,494 के कुल लाभ में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹498 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹75,000
✘ 2. ₹78,000
✔ 3. ₹76,800
✘ 4. ₹78,600

Q.27 यदि 6 अंकों की संख्या N84M69, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध व्यक्त कर सकता है?

Ans
✘ 1. M - N = 1
✘ 2. M = N
✔ 3. M - N = -7
✘ 4. M + N = 7

Q.28 पाइप A किसी टैंक को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 22 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 8 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
✘ 1. $4\frac{63}{67}$ घंटे
✘ 2. $5\frac{63}{67}$ घंटे
✘ 3. $2\frac{63}{67}$ घंटे
✔ 4. $3\frac{63}{67}$ घंटे

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सी वह सबसे बड़ी संख्या है, जिससे 183, 127 और 211 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल समान प्राप्त होता है?

Ans
✔ 1. 28
✘ 2. 25
✘ 3. 30
✘ 4. 32

Q.30 $55^{-13} \div 55^{14} \times 55^{-11}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $55^{-48}$
✘ 2. $55^{-32}$
✘ 3. $55^{-36}$
✔ 4. $55^{-38}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.1** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

50 61 78 101 132 173 ?

**Ans**
1. 221 ✗
2. 220 ✓
3. 210 ✗
4. 201 ✗

**Q.2** यदि संख्या 95423671 के प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का गुणनफल कितना होगा?

**Ans**
1. 16 ✗
2. 48 ✓
3. 24 ✗
4. 8 ✗

**Q.3** सात व्यक्ति I, J, K, L, U, V और W उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
V के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। V और I के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। K के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, W के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। L, K का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**
1. L ✓
2. I ✗
3. K ✗
4. W ✗

**Q.4** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे 151 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में मिस्टर इंटू, दाएं छोर से 12वें स्थान पर हैं। यदि मिस्टर टोनी, मिस्टर इंटू के बाएं 16वें स्थान पर हैं; तो पंक्ति के बाएं छोर से मिस्टर टोनी कौन-से स्थान पर हैं?

**Ans**
1. 125वें ✗
2. 123वें ✗
3. 124वें ✓
4. 126वें ✗

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से VXZA का संबंध WYAB से है। उसी तरीके से, YACD का संबंध ZBDE से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BDFG का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
1. CEFH ✗
2. CEGH ✓
3. CDFH ✗
4. CFFH ✗

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

BD 99 GI 97 LN 93 QS 87 ?

**Ans**
1. VX 79 ✓
2. TV 79 ✗
3. VW 77 ✗
4. UW 77 ✗

Q.7 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

13 − 2 × 75 + 3 ÷ 24 = ?

Ans
✔ 1. 25
✘ 2. 38
✘ 3. 46
✘ 4. 34

Q.8 निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आने वाला निकटतम सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

$$\sqrt[3]{63.998} + \frac{5}{4} \text{ of } 120.01\% \text{ of } 399.89 - 29.99 \div 3.01 = ?$$

Ans
✘ 1. 494
✔ 2. 594
✘ 3. 544
✘ 4. 449

Q.9 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MORE' को '1432' के रूप में और 'MOVE' को '3254' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'V' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 1
✘ 2. 4
✘ 3. 3
✔ 4. 5

Q.10 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. MPO
✘ 2. ORP
✘ 3. EHF
✘ 4. YBZ

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ लिपस्टिक, टैब हैं।
कोई टैब, पतंग नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ लिपस्टिक, पतंग हैं।
(II): कुछ टैब, लिपस्टिक हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.12 एक निश्चित कूट भाषा में, 'the glass broke' को 'al tk jb' लिखा जाता है और 'answer the question' को 'mo jb tu' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'the' का कूट क्या है?

Ans
✘ 1. al
✘ 2. tk
✔ 3. jb
✘ 4. mo

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.13 सात बॉक्स D, E, F, G, H, I और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। I के ऊपर केवल F को रखा गया है। I और E के बीच केवल X को रखा गया है। G के नीचे केवल H को रखा गया है। D और F के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✓ 4. तीन

Q.14 निम्नलिखित अक्षर-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) 7 1 $ % 3 $ % 8 < 7 8 1 8 # < 7 @ * 5 5 + (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

Ans
✓ 1. एक
✗ 2. तीन
✗ 3. चार
✗ 4. दो

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. LC-FJ
✓ 2. JA-DG
✗ 3. PG-JN
✗ 4. NE-HL

Q.16 O का पिता B है। A की पत्नी O है। T का भाई A है। S की पुत्री T है। B का S से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पुत्र की पत्नी का भाई
✗ 2. पुत्र की पत्नी की बहन
✓ 3. पुत्र की पत्नी का पिता
✗ 4. पुत्र की पत्नी की माता

Q.17 सात व्यक्ति, I, J, K, L, M, N और O एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। J और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। केवल M, K के दाईं ओर बैठा है। I और K के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, L के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन N के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। N और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. तीन
✗ 3. एक
✓ 4. दो

Q.18 यदि '+' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 + 5 ÷ 40 − 4 × 17 = ?

Ans
✓ 1. 47
✗ 2. 52
✗ 3. 40
✗ 4. 58

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 4 6 @ 2 & % 8 $ 7 + 1 * £ 5 & 3 Ω 9 # (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक अन्य संख्या है? | |
| Ans | ✗ 1. 3<br>✗ 2. 2<br>✓ 3. 5<br>✗ 4. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से XAYA का संबंध BECE से है। उसी तरीके से, GJHJ का संबंध KNLN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MPNP का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? | |
| Ans | ✗ 1. QSQT<br>✗ 2. QTQT<br>✗ 3. QUQV<br>✓ 4. QTRT | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>23 ? 46 59 73 88 | |
| Ans | ✗ 1. 36<br>✗ 2. 30<br>✓ 3. 34<br>✗ 4. 42 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | कबीर अपनी कक्षा में ऊपर से 27वें स्थान पर और नीचे से 34वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं? | |
| Ans | ✗ 1. 61<br>✗ 2. 62<br>✗ 3. 59<br>✓ 4. 60 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित संख्या-युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/ 13 में से घटाना/ 13 से गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>15, 224<br>8, 63 | |
| Ans | ✗ 1. 13, 170<br>✓ 2. 9, 80<br>✗ 3. 11, 123<br>✗ 4. 6, 37 | |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.24 मि. टिम, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर से दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 2 km, दक्षिण की ओर
✗ 2. 3 km, दक्षिण की ओर
✓ 3. 1 km, दक्षिण की ओर
✗ 4. 4 km, पूर्व की ओर

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WJO, BHR, GFU, ?, QBA

Ans
✗ 1. LMX
✓ 2. LDX
✗ 3. LDC
✗ 4. LWC

Q.26 मोहित, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 35 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 83 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 49 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 36 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 76 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 47 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 43 km, पूर्व की ओर
✗ 2. 37 km, पश्चिम की ओर
✗ 3. 39 km, उत्तर की ओर
✓ 4. 41 km, दक्षिण की ओर

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से URKE का संबंध ZWPJ से है। उसी तरीके से, OLEY का संबंध TQJD से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से DATN का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. IUOP
✓ 2. IFYS
✗ 3. IYSF
✗ 4. IFSY

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

96 102 104 110 112 ?

Ans
✗ 1. 116
✓ 2. 118
✗ 3. 120
✗ 4. 119

Q.29 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: सभी कीवी, केले हैं। सभी केले, अंगूर हैं।

निष्कर्ष (I): सभी कीवी, अंगूर हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ अंगूर, केले हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 2. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.30** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह अक्षर-समूह युग्म कौन सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**

✔ 1. BR-XE

✘ 2. HX-DF

✘ 3. VL-RT

✘ 4. CS-YA

Adda247